# कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर

**(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)**

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

जागो जयपुर जगमग जयपुर अभियान तहत चलाया नो रेड स्पॉट अभियान

हेरिटेज निगम ने रसद विभाग कार्यालय को बनाया 'फ्री रेड स्पॉट ऑफिस'

नगर निगम हेरिटेज के जागो जयपुर जगमग जयपुर अभियान के तहत शुक्रवार को जिला रसद कार्यालय में 'नो रेड स्पॉट' अभियान चलाया गया। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर अतिरिक्त आयुक्त डा रौनक बैरागी के नेतृत्व में चले इस अभियान में निगम के स्वच्छता प्रहरियों ने दो घंटे के श्रमदान के बाद रसद कार्यालय को फ्री रेड स्पॉट जोन बना दिया। इस अभियान में जिला रसद अधिकारी जयपुर शहर तूलिका सैनी ने भी अपने अधिकारी और कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया। अभियान के संबंध हेरिटेज निगम अतिरिक्त आयुक्त डा रौनक बैरागी ने बताया कि जयपुर को फ्री रेड स्पॉट जोन बनाने के लिए 'नो रेड स्पॉट' अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को हेरिटेज निगम के स्वच्छता प्रहरी जिला रसद कार्यालय में पहुंचे। जहां निगम की टीम ने साफ सफाई अभियान चलाया। अभियान करीब दो घंटे चला। पूरे परिसर की निगम अधिकारी और कर्मचारियों ने मिलकर साफ – सफाई की और साथ ही निगम की जैटिंग मशीन से रेड स्पॉट को साफ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जयपुर शहर में खासतौर पर सार्वजनिक स्थलों और सरकारी कार्यालयों को नो रेड जोन बनाना है। आमजन को भी हमारे शहर को स्वच्छ बनाने में भागीदारी निभानी चाहिए। सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर थूकना नहीं चाहिए। इस दौरान हेरिटेज निगम की ओर से जिला रसद कार्यालय में कचरा पृथककरण के लिए अलग अलग कचरा पात्र रखने हेतु समझाइस की गई । अतिरिक्त आयुक्त डा रौनक बैरागी के साथ उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सोनिया अग्रवाल, अधिशाषी अभियन्ता मुख्यालय सुबोध कुमार ने भी श्रमदान किया।